पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राजभवन में रोजा इफ्तार का आयोजन

लखनऊः 4 जुलाई, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक की ओर से आज राजभवन में रोजा इफ्तार एवं रात्रि भोज का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व राज्यपाल सिब्ते रजी, पूर्व राज्यपाल माता प्रसाद, सभापति विधान परिषद श्री रमेश यादव, प्रदेश सरकार के मंत्री श्री शिवपाल सिंह यादव, श्री अहमद हसन, श्री राजेन्द्र चौधरी, श्री रविदास मेहरोत्रा, श्री अभिषेक मिश्रा, श्री अवधेश प्रसाद, सांसद प्रमोद तिवारी, भारतीय जनता पार्टी के विधान मण्डल दल के नेता श्री सुरेश खन्ना, पूर्व मुख्यसचिव एवं सलाहकार मुख्यमंत्री श्री आलोक रंजन, मुख्य सचिव श्री प्रवीर कुमार, मुख्य सूचना आयुक्त श्री जावेद उस्मानी, पूर्व सांसद लालजी टण्डन, डाॅ0 अम्मार रिजवी, सुश्री स्वरूप कुमारी बक्शी, पुलिस महानिदेशक जावीद अहमद, विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष श्री देश दीपक वर्मा, पूर्व पुलिस महानिदेशक श्री रिजवान अहमद, पूर्व कुलपति अनीस अंसारी, योजना आयोग के उपाध्यक्ष श्री नवीन बाजपेई, अध्यक्ष सुन्नी बोर्ड आफ इण्डिया मो0 शहाबुद्दीन, मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली, मौलाना यासूब अब्बास, महंत देव्या गिरी, व अन्य समुदाय के धर्मगुरूओं, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों, पत्रकार बन्धुओं सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुस्लिम अनाथालय के बच्चों को राज्यपाल ने विशेष रूप से राजभवन में रोजा इफ्तार एवं रात्रि भोज हेतु आमंत्रित किया था।

मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने सुन्नीयों की नमाजे-जमात पढ़ाई तथा मौलाना कल्बे सादिक ने शियों की नमाजे जमात पढ़ाई। राज्यपाल ने ईद की अग्रिम बधाई देते हुए कहा रमजान का पाक महीना हमें प्रेम व सद्भाव की शिक्षा देता है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में सभी सम्प्रदायों के लोग आपस में मिलजुलकर रहते हैं यहीं हमारी संस्कृति है।

अंजुम/ललित/राजभवन (234/04)